हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, सोमवार, 26 मई 2025



11 महिला घर की धुरी एवं परिवार में संस्कार ...





12 टूटे बिजली के पोल, हरे पेड़ों ने रोके सड़कों पर वाहनों के कदम







## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**लोहारू।** उपमंडल के गांव ढिगावा में एक ट्रक चालक ने ट्रक को पीछे करते समय बिजली के खंभे को टक्कर मार दी। जिससे खंभा टूट गया और खंभे पर लगा ट्रांसफार्मर नीचे गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के ढिगावा के एसडीओ की शिकायत पर लोहारू थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में बिजली निगम ढिगावा के एसडीओ ने बताया कि ढिगावा में मनफरा रोड पर एक ऑयल मिल के सामने निगम का 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ तथा लाइन भी सुचारू रूप से चल रही है। ट्रक चालक ने ट्रक को पीछे करते हुए ट्रांसफार्मर को टक्कर मार दी जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका तेल बाहर निकल गया। जिससे निगम को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**लोहारू।** लोहारू-बीकानेर रेल मार्ग पर परवेजपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक एक 25 वर्षीय विवाहिता की रेलगाड़ी की चपेट में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान गांव गोठड़ा निवासी 25 वर्षीय प्रीति के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतका के पति के बयान पर कार्रवाई करते हुए शव का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के हवाले कर दिया। जीआरपी के अनुसार रेलवे स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को परवेजपुर रेलवे स्टेशन के पास महिला के रेलगाड़ी के चपेट में आने की सूचना दी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए जीआरपी के जांच अधिकारी राजकुमार टीम सहित मौके पर पहुंच गए। वहीं आरपीएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जांच अधिकारी ने बताया कि पति के बयानों के अनुसार विवाहिता मानसिक रूप से अस्वस्थ थी।

# मांग के अनुरूप पहुंचा नहरी पानी, तीनों नहर लबालब

- नहरों के अंतिम छोर पर पहुंचना शुरू हुआ नहरी पानी
- फिलहाल जिले की नहरों में 1995 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



लगता है कि प्रकृति की मेहरबानी के साथ साथ सिंचाई विभाग की भी मेहरबान हो गया है। देर रात आई बारिश के बाद सिंचाई विभाग ने भी जिले की नहरों में मांग के अनुरूप पानी छोड़ दिया है। हालांकि मांग की अपेक्षा अभी भी थोड़ा सा कम पानी मिला है,लेकिन इतने पानी में जिले की तीनों नहरों में चलाया जा सकता है। फिलहाल जिले की नहरों में 1995 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी, मिताथल व जुई फीडर में पूरा पानी चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए साढे 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग की थी। मूनक से पूरा पानी मिलने के बाद सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 973 क्यूसेक, जुई में 705 तथा मिताथल फीडर में 317 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। हालांकि अभी मांग से थोड़ा कम पानी मिला है,लेकिन इतने पानी में नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जा सकता है। तीनों नहरों में पूरा पानी पहुंचने के बाद अब हर गांव,कस्बा व शहर के जलघरों में पूरा पानी भरा जा सकेगा।सोमवार सुबह तक अधिकांश नहरों व माइनरों के अंतिम छोर तक पूरा पानी पहुंचने की उम्मीद है। पानी पहुंचने के बाद ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। चूंकि पिछले कई दिनों से पीने के पानी की किल्लत झेल रहे थे।

### जलघरों में नहीं रहेगी पानी की कमी

सुंदर ग्रुप की सभी नहरों में पर्याप्त पानी मिलने के बाद अब जलघरों के टैंक भरे जाने की उम्मीद जग गई। चूंकि सभी नहरों के अंतिम छोर तक पूरा पानी पहुंच गया है। अब जलघरों के टैंकों में पानी पहुंचना शुरू भी हो गया है। अगर दो तीन दिनों तक पूरा पानी मिला तो ग्रामीण, कस्बे व शहर के सभी जलघरों में पर्याप्त पानी का स्टॉक हो जाएगा। उसके बाद लोगों को पीने के पानी की दिक्कत नहीं रहेगी। पानी पहुंचने के बाद भी सिंचाई विभाग व पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी अंतिम छोर व जलघरों तक पहुंचाने के लिए लगातार गश्त कर रहे है। ताकि पूरा पानी जलघरों तक ले जाया जा सके।

# रिवासा स्कूल की प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित



- 10वीं कक्षा में 13 और 12वीं कक्षा में 16 छात्राओं ने प्राप्त की थी मेरिट


**भिवानी।** वीर शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिवासा में ग्राम पंचायत रिवासा व स्कूल प्रशासन की तरफ से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों व अन्य गतिविधियों में अवल्ल रहने वाली प्रतिभावाना छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य राजेन्द्र कुमार जांगड़ा ने बताया कि प्रतिभावान सम्मान समारोह में गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा में 13 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की थी। 12वीं कक्षा में 16 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की थी।

# 60 वर्षीय मा. बालकिशन जांगड़ा ने दौड़ में जीता पदक, गांव में स्वागत

## 10 किलोमीटर की दूरी महज 54 मिनट में तय कर प्रथम 10 फिनिशर्स में स्थान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

- इस आयोजन में उत्तरी भारत के 1875 महिला एवं पुरुष धावकों ने भाग लिया
- जांगड़ा इससे पूर्व रेवाड़ी हरियाणा, अयोध्या तथा माउंट आबू (21.5 किमी) में मैराथनों में भी पदक प्राप्त कर चुके हैं



गांव द्वारका निवासी मा. बालकिशन जांगड़ा ने वात्सल्य ग्राम, वृंदावन में सु कोर्फिट संस्था द्वारा 60 वर्ष आयुवर्ग में आयोजित 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया। उन्होंने 10 किलोमीटर की दूरी महज 54 मिनट में तय कर प्रथम 10 फिनिशर्स में स्थान बनाते हुए यह उपलब्धि हासिल की। गांव पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

प्रशिक्षक शिक्षाविद्ध व वयोवृद्ध धावक मा. बालकिशन जांगड़ा ने बताया कि 25 मई को आयोजित इस मैराथन का उद्देश्य कॉरपोरेट जगत के कर्मचारियों व युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करना है। आज के यांत्रिक जीवन में अव्यवस्थित कार्यशैली, मोटापा और शारीरिक विकार बड़ी चुनौती बन चुके हैं, ऐसे में इस प्रकार की गतिविधियाँ नई ऊर्जा देती हैं। इस आयोजन में उत्तरी भारत के 1875 महिला एवं पुरुष धावकों ने भाग लिया। सु कोर्फिट के ट्रेनर एवं फिजियोथेरेपिस्ट ने धावकों को फिटनेस के लिए डेमो देकर प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी ऋतंभरा जी तथा विधायक राजेश चौधरी ने स्वस्थ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की अपील करते हुए युवाओं से नियमित व्यायाम व सक्रिय जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि बालकिशन जांगड़ा इससे पूर्व रेवाड़ी हरियाणा, अयोध्या तथा माउंट आबू (21.5 किमी) में आयोजित मैराथनों में भी पदक प्राप्त कर चुके हैं।

**इन्होंने दी बधाई :** उनकी इस उपलब्धि पर उमेद सिंह चांदवास, हीरालाल शास्त्री, हरिसिंह आर्य गोपी, शिशुपाल एवं कृष्ण जांगड़ा, कप्तान रामानंद मालिक, डॉ. लालचंद मान, मास्टर भल्ले राम, मनोज जांगड़ा काकड़ोली सहित अनेक खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



भिवानी। बच्चों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# नवयुग स्कूल में सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

मकड़ानी स्थित नवयुग विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले सभी होनहारों को निदेशक सोमबीर जाखड़ व चेयरमैन अजय जाखड़ को सम्मानित किया।

नेशनल लेवल की इस परीक्षा में विद्यालय के 8 बच्चों ने अपना नाम मेरिट सूची मे दर्ज करवाते हुए क्षेत्र के नाम को पूरे देश में रोशन किया है। चेरयमैन अजय जाखड़ ने बताया कि विद्यालय के 13 बच्चों ने ये परीक्षा दी थी, जिनमें से 8 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यार्थी अंश शर्मा, साक्षी, वंश फौगाट मकड़ानी, लक्ष्य रंगा मकड़ाना, मोंटी नौसवा, जानवी मकड़ाना, पुनित मकड़ानी, हितेश मकड़ानी ने सफलता पाते हुए अपना नाम मेरिट सूची में दर्ज करवाया है। जाखड़ ने कहा कि हमारे संस्थान का एकमात्र लक्ष्य कि स्कूल में जो विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आए उसे देश प्रेम व उन्नति के लिए प्रेरित कर समाज में जागरूक नागरिक बनाने में हम हरसंभव सहयोग कर सके।

# बेजुबान पक्षियों के लिए 'दाना-पानी' कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- पशु पक्षियों को संरक्षण देने के लिए सेव द बर्ड 2025 अभियान
- बेजुबानों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म कर्म : भारद्वाज

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए 'दाना-पानी' कार्यक्रम की शुरुआत की गई। 'सेव द बर्ड 2025' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रांड एंबेसडर नव्या व आरोही ने किया। समिति ने विभिन्न स्थानों पर जल पात्र (स्कोरे) और दाना रखने की व्यवस्था की, ताकि चिड़िया व अन्य पक्षियों को गर्मी में राहत मिल सके। समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज ने कहा कि गर्मी के दिनों में खेतों में फसल नहीं होती, जिससे पक्षियों को दाना-पानी नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि इंसान का कर्तव्य बनता है कि वह इन बेजुबान प्राणियों के लिए छांव, घोंसले, दाना और पानी की उचित व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद गौरैया की कई प्रजातियां फिर से देखने को मिल रही हैं और उनकी चहचहाहट भी सुनाई देने लगी है, यह हमारी जिम्मेदारी है कि चहचहाहट फिर से गायब न हो, इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों, बाग-बगिचों और खेतों में दाना-पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। भारद्वाज ने इसे एक पुण्य कार्य बताते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस तरह का धर्म-कर्म सबसे बड़ी सेवा है।

उन्होंने यह भी बताया कि समिति द्वारा जुलाई माह तक पर्यावरण संरक्षण अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत लोगों को पौधरोपण, पेड़-पौधों की देखभाल और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही एक पेड़ मां के नाम और एक बेटी एक पेड़ मिशन 2025 कार्यक्रम का भी आगाज किया जाएगा, जिससे वन महोत्सव पर अधिक से अधिक पौधारोपण को बढ़ावा दिया जा सके।

# बहल में पुण्यतिथि पर 65 युवाओं ने किया रक्तदान

- नि: शुल्क चिकित्सा शिविर में 450 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



श्री अलख गोशाला ट्रस्ट व जीटी हॉप फाउंडेशन के तत्वावधान में बहल कस्बे के प्रसिद्ध व्यापारी, गोसेवक, पर्यावरण प्रेमी स्व. ताराचंद अग्रवाल दुल्हेड़ीवाला की 10 वीं पुण्यतिथि पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार के चिकित्सकों द्वारा करीब 450 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 65 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रविवार को श्री अग्रसेन भवन में आयोजित शिविर में मामनचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, समाजसेवी पूर्व सरपंच गजांनद अग्रवाल व प्रमोद अग्रवाल ने रक्तदाताओं को बैज लगाए व उनकी हौंसलाफजाई की। जीटी हॉप फाउंडेशन के संस्थापक सीए दीपांशु अग्रवाल ने बताया कि स्व. ताराचंद अग्रवाल ने हमेशा समाजसेवा के लिए काम किया। गायों की सेवाश्रु के लिए उन्होंने बहल में श्री अलख गोशाला की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। उनकी सामाजिक सेवा भावना की प्रेरणा से ही जीटी हॉप फाउंडेशन द्वारा यह शिविर लगाया गया है जिसमें लोगों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया व दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढचढ कर रक्तदान किया और 65 यूनिट रक्त की एकत्रित की गई। कार्यक्रम के अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाए व प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि समाजसेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। किसी जरूरतमंद को समय पर चिकित्सा उपचार दिया जाए तो यह बड़ी ईशभक्ति है। इसके अलावा रक्तदान शिविर में जिन युवाओं ने रक्त दिया है वो पुण्य के भागी है। उनके द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद के काम आ सकता है। इस अवसर पर संदीप लाखलाण, रामभगत सैनी, ईश्वर नंबरदार, गजानंद भाटोलिया, सुशील चैहडिय़ा, कैलाश गोयनका, मुकेश सुरपुरिया, विनोद नूनसरिया, पवन नूनसरिया, रामसिंह सेरला सहित जीटी हॉप फाउंडेशन के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# अनिल सांगवान ने डुडीवाला किशनपुरा में डिजीटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

- सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा ने अनिल सांगवान का धन्यवाद किया
- आठ गांव में लाइब्रेरी का निर्माण करवा चुके हैं सांगवान

केसीसी प्राइवेट लिमिटेड के एमडी अनिल सांगवान ने गांव डूडीवाला किशनपुरा में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। बस स्टैंड धर्मशाला के दो कमरों को में वातानुकूलित लाइब्रेरी का उद्घाटन कर गांव के बच्चों को लोकर्पण किया। लाइब्रेरी के उद्घाटन अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा ने अनिल सांगवान का धन्यवाद किया और इसे बहुत ही नेक कार्य बताया और विश्वास दिलाया कि लाइब्रेरी के रख रखाव की जिम्मेदारी पंचायत लेगी। जिससे बच्चों को लाइब्रेरी के लिए शहर में न जाना पड़े और आने जाने के समय की बचत हो सके। डिजिटल लाइब्रेरी के साथ-साथ ओपन लाइब्रेरी भी बनवाई गई है। एमडी अनिल सांगवान ने गांव के उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाया कि लाइब्रेरी में किसी प्रकार की कोई भी आवश्यकता होगी उसको भी पूरा किया जाएगा, ताकि बच्चों को अध्ययन में कोई कमी ना रहे। इससे पहले उन्होंने आठ गांव में लाइब्रेरी का निर्माण करवा चुके हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए अनिल उर्फ बबलू कालूवाला ने डूडीवाला किशनपुरा के अंदर लाइब्रेरी का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि अब बच्चों को शहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें शहर जैसी सुविधाएं गांव में ही मिल जाएंगीद्ध

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति रघुवीर सिंह, उमेद, मदन, रामपाल, पप्पू, संजय, रमेश,श्री कृष्णा, दया किशन, व आसपास गांव के सरपंच व अन्य मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में 40 युवाओं ने कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



स्वर्गीय जितेंद्र गुप्ता की चौथी पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कपित गुप्ता और कर्ण गुप्ता के संयोजन और रेडक्रॉस टीम भिवानी के सहयोग से आयोजित शिविर में 40 युवाओं ने रक्तदान किया। स्कूल प्राचार्य जितेंद्र भारद्वाज और रक्तदाता विशिष्ट अतिथि श्यामसुंदर सांगवान ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, 'मनुष्य द्वारा दान किया गया रक्त ही किसी जरूरतमंद इंसान को जीवनदान दे सकता है, इसलिए रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है। प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के संस्थापक पवन स्वामी, डॉ. उमेद जांगिड़, रिंकू कुमार व जगदीश जायलवाल ने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति में समर्पण की भावना का विकास होता है। कर्ण गुप्ता ने बताया कि शिविर में 40 युवाओं ने रक्तदान किया है। इस दौरान रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर पार्षद अजय शर्मा, महेंद्र कथूरिया, रवींद्र कस्वां, रिंकू जांगिड़, शुभम, शिवम, डिंपल, रिंकू प्रजापत सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद थे।

### सभी भर्तियों पर हाईकोर्ट व सुप्रीमकोर्ट में संकट के बादल मंडरा रहे : सोमवीर

**बाढ़ड़ा।** प्रदेश की भाजपा सरकार की पिछले दस साल की सभी भर्तियों पर हाईकोर्ट व सुप्रीमकोर्ट में संकट के बादल मंडरा रहे हैं वहीं नियमित भर्ती होने वाले बेरोजगार युवाओं को पांच साल बाद अस्थाई पदों पर लगाने का दावा करने वाली सरकार युवा शक्ति के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। किसान को फसल सिंचाई तो दूर पेयजल के लिए भी नहरी पानी उपलब्ध नहीं है वहीं युवाओं की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक सोमवीर सिंह ने गांव गोपी, काकड़ौली, नांधा, बेरला, झोझू, हड़ौदी में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पंजाब का नहरी मसला हो या प्रत्येक भर्ती को कोर्ट में अयोग्य ठहराने से साफ हो गया कि सरकार अनुभवहिनता में जनता को परेशान कर रही है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए स्वर्णकार सेवा परिषद ने की बैठक

# मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा

- शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों के होनहार विद्यार्थियों का होगा सम्मान समारोह : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अजमीढ़ भवन पतराम गेट में रविवार को स्वर्णकार सेवा परिषद की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के प्रधान हरिचरण वर्मा ने की। बैठक के दौरान आगामी 24 अगस्त को परिषद द्वारा आयोजित किए जाने वाले सम्मान समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया।

बैठक में सम्मान समारोह की जानकारी देते हुए प्रधान हरिचरण वर्मा व महासचिव अधिवक्ता कुलदीप सोनी ने बताया कि समारोह में 10वीं, 12वीं, स्नातक व स्नातकोत्तर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में 10वी व 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक, स्नातक व स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को मेडल दिलाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्य किसी क्षेत्र में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों का भी विशेष तौर पर सम्मान होगा। इस मौके पर शालू सोनी, मनीष वर्मा, देवदत सोनी, डॉ. शिलवंत सोनी, कृष्ण वर्मा, राजकुमार सोनी, योगेन्द्र सोनी, महेंद्र शिलवंत, सुरेश सोनी, प्रदीप सोनी आदि मौजूद रहे।

# शनिदेव की जयंती पर शनि पाठ सुंदरकांड पाठ, हवन-भंडारा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- छोटी काशी भिवानी के लोग धार्मिक कार्यों में लेते हैं विशेष रुचि: दीपक गुप्ता व प्रवीण
- दोपहर साढ़े 12 बजे से भंडारे का आयोजन

छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी की पहचान समय-समय पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों से है, जिसमें श्रद्धालुगण बड़ी उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भाग लेते है। इसी कड़ी में कोंट रोड स्थित हनुमान मंदिर में शनिदेव जयंती महोत्सव पर 27 मई को शनि पाठ, सुंदरकांड पाठ, हवन एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम आयोजक दीपक गुप्ता व प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्राचीन हनुमान मंदिर में बीते दिनों ही भगवान शनिदेव की प्रतिमा स्थापित की थी तथा अबकी बार शनि जयंती पर 27 मई को प्रातः 10 बजे शनि पाठ व सुंदरकांड पाठ, 11 बजे हवन तथा दोपहर साढ़े 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जयंती पर आयोजित पाठ एवं हवन मंदिर के पुजारी पंडित कैलाशचंद शर्मा करेंगे, जिसमें छोटी काशी भिवानी सहित आस-पास क्षेत्र के लोग भी कार्यक्रम में पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे।

उन्होंने कहा कि छोटी काशी भिवानी के लोग धार्मिक कार्यो में विशेष रूचि लेते है तथा बढ़-चढ़कर भाग लेते है। इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को सनातन एवं संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलता है।

## खबर संक्षेप



### श्रीसनातन संस्कृति को मजबूती देती प्रभात फेरी

**भिवानी।** जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर के महंत चरणदास महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही प्रभात फेरी का रविवार को हनुमान गेट स्थित स्वामी जीतू पतित पावन पाठशाला में स्वामी जीतू धानक समाज कल्याण सेवा समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. साधुराम इंदौरा ने की। इस दौरान समिति सदस्यों ने महंत चरणदस महाराज को शॉल भेंट कर सम्मानित किया । इंदौरा ने कहा कि ऐसी धार्मिक प्रभात फेरी सनातन संस्कृति से और भी मजबूती से जुड़ते हैं।

### नि:शुल्क कानूनी सलाह शिविर का आयोजन

**भिवानी।** दिव्यांग समाज हरियाणा ने दिव्यांगों के लिए मुफ्त कानूनी सलाह शिविर का आयोजन किया। शिविर का संचालन सोमबीर पटौदी प्रधान तोशाम, जगदीश जमालपुर प्रधान बवानीखेड़ा के सानिध्य में हुआ। दिव्यांगों को मुफ्त कानूनी सलाह के लिए संजय कुमार अग्रवाल एडवोकेट व सुनील पंवार एडवोकेट ने शिविर में उपस्थित दिव्यांगजन ने अपनी समस्याओं बारे समाधान जाना। शिविर में 21 दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी समस्याओं के बारे में कानूनन समाधान बताए।

### पूर्व पार्षद ने महिलाओं संग सुनी मन की बात

**भिवानी।** पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री रेखा राघव ने रविवार को बैंक कॉलोनी में महिलाओं के समूह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर महिला क्तिकरण, सामाजिक विकास और केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा भी हुई। मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री रेखा राघव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह आम नागरिकों से जुडऩे का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के हर वर्ग की बात सुनते हैं और उनके सुझावों को नीतियों में शामिल करते हैं, ये लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

### जजपा के हल्का अध्यक्षों का समारोह आयोजित

**भिवानी।** जननायक जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन मजबूती के उद्देश्य से भिवानी जिला की कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए प्रदीप गोयल को भिवानी, अजमेर मुंढाल को बवानीखेड़ा, देवेन्द्र नकीपुर को लोहारू एवं ऋषिपाल फौगाट को तोशाम हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वही राजेश ग्रेवाल को भिवानी व राजकुमार ओबरा को लोहारू का प्रभारी बनाया गया है। रविवार को चौ. देवीलाल सदन में एक बैठक कर नवनियुक्त हल्का प्रधानों व हल्का प्रभारियों का मिठाई खिलाकर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चारों हल्का अध्यक्षा ने अपनी नियुक्ति पर जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

प्रेम से ही नफरत को मिटाकर समाज में स्थापित की जा सकती शांति: चौहान

# महिला घर की धुरी एवं परिवार में संस्कार देने का केंद्र बिंदु: कविता

### जिला स्तरीय महिला निरंकारी संत समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हांसी गेट स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में जिला स्तरीय महिला निरंकारी संत समागम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता ज्ञान प्रचारक बहन कविता चौहान ने की। कार्यक्रम में भिवानी, चरखी दादरी भागेश्वरी ,लोहारू, खरकड़ी, जाटू लोहारी तथा खानक-तोशाम ब्रांचों के साथ-साथ, आस-पास से सभी ग्रामीण क्षेत्रों से बहनों ने भरपूर उत्साह के साथ पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साथ ही पुरुष श्रद्धालुओं ने भी उपस्थित होकर समागम का आनंद लिया। कार्यक्रम में सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं पर आधारित भजन विचार एवं कविताओं की प्रस्तुतियां बहनों ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दी। बहन कविता चौहान ने उपस्थित मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि महिला अपने घर की धुरी होती है और महिला ही परिवार में संस्कार देने का केंद्र बिंदु होती है महिलाओं में आध्यात्मिक जागृति लाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करके पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी अपनी घर गृहस्थी के जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाते हुए भक्ति के मार्ग पर सत्य के प्रचार में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम हर इंसान चाहता है परंतु प्रेम के स्त्रोत परमात्मा से ही जुड़ कर वास्तविक प्रेम को पाया जा सकता है। प्रेम से ही नफरत को मिटाकर समाज में शांति स्थापित की जा सकती है और पूर्ण सत्गुरु से ब्रह्मज्ञान के द्वारा परमात्मा की अनूभूति की जा सकती है। जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने सत्संग में उपस्थित मानव परिवार का अभिनंदन करते हुए सबके कल्याण की कामना की।






**भिवानी।** संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को श्रद्धालुओं को प्रवचन देती ज्ञान प्रचारक बहन कविता चौहान। व शिविर के शुभारंभ पर बीके वसुधा बहन को स्मृति चिह्न देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### आंखें प्रभु का अनमोल उपहार : वसुधा

**चरखी दादरी ।** आंखें प्रभु का अनमोल उपहार है, जो हमें इस धरा के सभी दृश्यों से अगवत करवाती है, इनकी सूक्ष्म संभाल करनी आवश्यक है। हमारा दृष्टिकोण सदा सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होना चाहिए, तभी हम समाज को सही दिशा दे सकते हैं। ये उद्गार झोझूकलां में समाजसेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। शिविर में धीर अस्पताल की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। ब्रह्माकुमारी वसुधा ने कहा कि नेत्र जांच शिविर से जरूरतमंद नागरिकों को सीधा लाभ होगा, उनके हृदय से निकली दुआएं आयोजकों को मिलेंगी। जीवन को सकारात्मक बनाने के लिए दुआ तथा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दवा का काम करती है,इसलिए हमें सदा समाज की भलाई के कार्य करने चाहिए। आचार्य चांदसिंह ने कहा कि आंखें हमारे शरीर का सूक्ष्म अंग है, इसकी देखभाल जितनी सूक्ष्मता से करना चाहिए। इस अवसर पर आंखों की जांच के व नि:शुल्क दवाइयां दी।



**भिवानी।** महर्षि कश्यप जयंती पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते महंत चरणदास महाराज व अन्य।

## युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने शुरू की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम एवं युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा रविवार से 101 दिवसीय धार्मिक व सामाजिक परिक्रमा का आगाज किया। पुजारी ध्यानदास महाराज ने बताया कि परिक्रमा जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर से महंत चरणदास महाराज के नेतृत्व में शुरू हुई, जो शहर के रोहतक गेट, महम गेट, दादरी गेट, तिगड़ाना गेट, हांसी गेट, रेल दरवाजा, दिनोद गेट, देवसर गेट, हालुवास गेट, पतराम गेट, हनुमान गेट, बेरी गेट, बावड़ी गेट आदि 12 दरवाजों व राह में आने वाले विभिन्न मंदिरो को प्रणाम करते हुए वापस हनुमान जोहड़ी मंदिर में ही संपन्न होगी।

बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने बताया कि परिक्रमा रविवार को महर्षि कश्यप जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पण से शुरू होकर भगवान श्रीकृष्ण जलवा महोत्सव 3 सितंबर तक लगातार 101 दिनों तक जारी रहेगी, जो रोजाना प्रातः सवा पांच बजे से हनुमान जोहड़ी मंदिर से रवाना होगी तथा छोटी काशी की परिक्रमा पूरी करते हुए साढ़े 6 बजे मंदिर में ही संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि परिक्रमा के दौरान प्रतिदिन यज्ञ, योग, सत्संग, पूजा एवं प्रार्थना कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है।

इस परिक्रमा का उद्देश्य लोगों को सनातन संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक मुद्दों बारे भी जागरूक करेगी। महंत चरणदास ने कहा कि भिवानी को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है तथा ऐसी यात्रा न केवल भक्ति का माध्यम साबित होती है, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का भी जरिया है। उन्होंने कहा कि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इसमें भाग लेकर सनातन धर्म की परंपराओं को सहेजते हैं।

## सीबीएसई के बनाए सभी प्रारूपों पर हुई चर्चा

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में सकारात्मक पेरेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में सकारात्मक पेरेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसमें सीबीएसई रिसोर्स पर्सन, मास्टर ट्रेनर, बिड़ला स्कूल पिलानी के सीनियर इंग्लिश टीचर राजन शर्मा ने सीबीएसई द्वारा बनाए गए सभी प्रारूपों पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें विद्यालय के बच्चों के सभी पेरेंट्स को आमंत्रित किया गया।

द्वितीय सत्र में अध्यापकों के लिए एजुकेटिंग पैरेंट्स अबाउट एजुकेशन प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया । जिसमें सभी अध्यापकों ने बच्चों के विकास के लिए अनेक पहलुओं पर चर्चा की। आए हुए ट्रेनर ने सीबीएसई के विजन का प्रसार एवं विस्तार करने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रोग्राम में एनईपी के प्रत्येक पहलू को बारीकी से स्मार्ट एक्टिविटी व फिजिकल रूप में समझाया। आए हुए सभी शिक्षकों व अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा से संबंधित उनके विकास के लिए अनेक सुझाव लिए। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में इस अवसर पर आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के अध्यक्ष आनंद यादव , चेयरपर्सन राजेन्द्र यादव, निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव,कोऑर्डिनेटर मंजू मौजूद रहे।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में 65 ने करवाई हड्डी जांच

**भिवानी।** जामपुर सेवा समिति द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को करवाए जाने वाले हड्डी जांच शिविरों की कड़ी में रविवार को कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में शिविर लगाया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी बालकिशन सनेजा ने रिबन काटकर किया। शिविर के दौरान मशीन द्वारा हड्डियों की संपूर्ण जांच व फिब्रो स्कैन विधि से 65 मरीजों की जांच की गई। शिविर में कल्याणी अस्पताल गुरूग्राम से डॉ. विक्रांत खन्ना ने अपनी सेवाएं दी। जामपुर सेवा समिति के प्रधान गोपाल कृष्ण पोपली ने बताया कि हड्डी जांच शिविर का उद्देश्य हड्डी से संबंधित रोगों का जल्दी निदान, उपचार और रोकथाम सुनिश्चित करना है, ताकि लोग स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि हड्डियों की मजबूती उम्र, पोषण, जीवनशैली और आनुवंशिकता से प्रभावित होती है, ऐसे शिविर में जांच से व्यक्ति के हड्डियों की सेहत का मूल्यांकन किया जाता है और उसके जोखिम को समझा जाता है, क्योंकि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक व हड्डी रोग विशेषज्ञ उपस्थित होते हैं जो सही खान-पान, व्यायाम के बारे में परामर्श देते हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर वृद्धावस्था में हड्डियों का समय पर उपचार करने में ऐसी शिविर काफी फायदेमंद साबित होते है।





**भिवानी।** मीठे पानी की छबील लगाकर सेवा करते बदलाव समाज कल्याण संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बदलाव समाज कल्याण संस्था ने मीठे पानी की छबील लगाकर बुझाई प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बदलाव समाज कल्याण संस्था के प्रधान श्यामपाल के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने चौधरी बंसीलाल पार्क के सामने भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील लगाई। संस्था ने राहगीरों को ठंडा जल पिलाया और उनकी प्यास बुझाई। गर्मी के मौसम में ऐसी सेवा से आमजन को काफी राहत मिली। प्रधान ने बताया कि हमारी संस्था जरूरतमंद परिवारों की गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह भी करवा चुकी है, जहां उन्हें आवश्यक सामग्री और सहयोग प्रदान किया जाता है। संस्था द्वारा भोजन सेवा अभियान भी चलाया जाता है, जिसमें असहाय व निर्धन परिवारों को समय-समय पर भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल सहायता करना नहीं, बल्कि समाजसेवा और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना है। बदलाव तभी आएगा जब हर व्यक्ति सेवा को अपना धर्म माने। हमारी टीम इसी सोच के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान कैंप तथा पौधरोपण जैसे पर्यावरणीय कार्य जैसे सामाजिक कार्य भी करती है।

## बालयोगी प्रज्ञा भारती की अखंड पंचधुनी तपस्या पूर्ण, लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गीता भवन में अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत विशंभर भारती की शिष्या बालयोगी प्रज्ञा भारती ने जनकल्याण की भावना से प्रेरित होकर 21 दिवसीय अखंड पंचधुनी तपस्या 25 मई को विधिवत पूर्ण की। यह तपस्वी अनुष्ठान पांच मई से प्रारंभ हुआ था, जिसमें बालयोगी प्रज्ञा भारती ने पांच धुणों ने मध्य बैठकर घोर साधना की। श्रीमहंत बिसंबर भारती ने कहा कि मेरी शिष्या बालयोगी प्रज्ञा भारती ने घोर तपस्या जनकल्याण के लिए की है, वह समाज के लिए आध्यात्मिक प्रकाश स्तंभ है। जब युवा पीढ़ी सेवा एवं साधना को ध्येय बनाती है, तब राष्ट्र और संस्कृति दोनों सुरक्षित होती हैं। गीता भवन में ऐसे आयोजनों से नित नई ऊर्जा प्राप्त करता है। तपस्या के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।



भिवानी। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक कार्यकर्ता सन्त श्यामकलां के ताऊ का निधन

**,बाढड़ा।** ग्राम पंचायत श्यामकलां के सरपंच कमांडो रमेश कुमार के ताऊ सज्जन सिंह रांगी का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर गहरी संवेदना प्रकट की। सज्जन सिंह रांगी के निधन पर विधायक उमेद पातुवास, पूर्व विधायक सोमबीर गागड़वास, पूर्व विधायक नृपेंद्र मांढी, पूर्व विधायक कर्नल रघबीर छिल्लर, पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश द्वारका, इनेलो प्रदेश महासचिव विजय पंचगांव, सज्जन बलाली इनेलो जिला अध्यक्ष सूबे सिंह अटेला,कांग्रेस नेता राजू मान, खंड समिति चेयरमैन आनंद डालावास,कन्नी प्रधान सज्जन डांडमा, किसान नेता प्रदीप बाढड़ा, हल्का प्रधान विजय श्योराण इनसो, इनेलो हल्का प्रधान उद्यम आर्य, सरपंच जीटर घसौला, संदीप चेयरमैन बाढड़ा, पार्षद सुभाष मान, वीरेंद्र मान, रामौतार बाढड़ा, राजेंद्र हुई, चेयरमैन सुरेश लाड, बस्ती राम, पकर्ण सिंह गोठरा, अधिवक्ता शैलेन्द्र श्योराण, वाइस चेयरमैन सतीश भांडवा, सरपंच रामचंद्र उमरवास, कृष्ण सोनी, सोमेश जेवली सहित अनेक लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बाबा रामसिंह नाथ सेवा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- रोजाना बढ़ती बीमारियों का मुख्य कारण स्वच्छता की कमी : प्रधान कर्ण

पृथ्वी पर मानव के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण का होना बहुत जरूरी है, इसीलिए स्वच्छता को स्वास्थ्य का पर्याय भी कहा जाता है, ऐसे में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बाबा रामसिंह नाथ सेवा समिति के सदस्यों ने प्रधान कर्णसिंह के नेतृत्व में गांव रेवाड़ीखेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम में पीटीआई राकेश कुमार व कंप्यूटर एलए योगेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

इस दौरान समिति के सदस्यों ने बड़े स्तर पर श्रमदान किया तथा स्वच्छता अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया। समिति के प्रधान कर्णसिंह ने कहा कि बाबा रामसिंह नाथ सेवा समिति द्वारा समय-समय पर सफाई अभियान, माईनर रिपेयिरिंग, इलैक्ट्रिक रिपेयरिंग, पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई सहित अन्य सामाजिक कार्य किए जाते रहते है, ताकि युवा पीढ़ी को समाजसेवा के भाव से जोड़ा जा सकें। इसी दिशा में कार्य करते हुए शनिवार को सफाई अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जो भी बीमारियां पैदा हो रही है, वह सिर्फ सफाई की कमी के कारण हो रही है।

उन्होंने कहा कि बहुत सा पैसा हमारा इन बीमारियों में लग जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी लोग समझ नहीं रहे कि सफाई इंसान के जीवन के लिए कितनी जरूरी है, जो उनको अनेक बीमारियों से बचा सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे सफाई के महत्व को समझें और उसे अपने जीवन में एक आदत की तरह अपनाएं।

समिति के उपप्रधान जोगेंद्र व प्रभारी विनोद ने कहा कि समिति का उद्देश्य गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और सफाई को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करना है। वहीं सराहनीय कार्य की प्राचार्या डॉ. अनिता ने प्रशंसा की।

### रेडीमेड गारमेंट्स दुकान में लगी आग, लाखों रूपये का हुआ नुकसान



भिवानी।रविवार अल सुबह एक रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिसने कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया तथा इस हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घंटाघर स्थित गुरूद्वारे के नजदीक जीन्स क्लब के संचालक सुनील रोहिल्ला ने बताया कि रविवार अल सुबह उनकी मार्केट में तैनात सफाई कर्मचारी का फोन आया था कि उनकी दुकान से धुआं उठ रहा है। जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे तथा दमकल को सूचित किया। जिसके बाद दमकल भी मौके पर पहुंची तथा करीबन आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक दुकान में रखा सामान पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुका था तथा इस आग से उन्हे लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक सुनील रोहिल्ला ने बताया कि शनिवार रात को आंधी व बारिश के कारण पूरी रात लाईट नहीं थी तथा रविवार अल सुबह लाईट आई थी तथा उनका अंदाजा है कि तभी शॉट सर्किट होने की वजह से उनकी दुकान आग की भेंट चढ़ गई। संचालक ने प्रशासन से मांग की है कि इस नुकसान की भरपाई के लिए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे फिर से अपने व्यवसाय को खड़ा कर सकें। वही जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए व्यापारी नेताओं ने बताया कि इस हादसे ने ना सिर्फ व्यवसायी को भारी नुकसान पहुंचाया है, बल्कि एक परिवार की रोजी-रोटी भी छीन ली है। ऐसे में जिला प्रशासन पीड़ित दुकानदार को मुआवजा देकर राहत पहुंचाए। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की कि वे दुकानदारों को आगजनी की घटना का शिकार होने से बचाने के लिए समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाकर उन्हे जागरूक करे।

पिछड़ा वर्ग के हितों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर किए प्रस्ताव पारित

# पिछड़ा वर्ग को तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की तरह प्रथम व द्वितीय श्रेणी में भी 27 प्रतिशत आरक्षण मिले: बागोरिया

### पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुसार की जाए राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित: बागोरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रोहतक गेट स्थित राजपूत धर्मशाला में रविवार को पिछड़ा वर्ग के प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ताओं का संकल्प समारोह का आयोजन किया, जिसमें प्रदेशभर से करीबन 300 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एसडीओ डॉ. तुलसीराम बुल्ला ने की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व एमडी एचएलडीबी हरियाणा डॉ. श्रीकिशन बागोरिया ने शिरकत की। मीटिंग में पिछड़ा वर्ग की समस्याओं को लेकर और आंदोलन को कैसे आगे बढ़ाया जाए। इस पर विचार हुआ तथा विभिन्न प्रस्ताव पास किए गए।

बैठक के दौरान पिछड़ा वर्ग की राजनीतिक भागीदारी का प्रस्ताव पर चर्चा की, जिसमें पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुसार राजनीतिक भागीदारी, जातिगत जनगणना, हरियाणा में प्रथम व द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण, हरियाणा कौशल रोजागर निगम को भंग करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई तथा प्रस्ताव पास किए। बैठक को संबोधित पूर्व एमडी एचएलडीबी हरियाणा डॉ. श्रीकिशन बागोरिया ने कहा कि हरियाणा में अति पिछड़ा वर्ग की आबादी अच्छी-खासी है, लेकिन हरियाणा प्रदेश बनने के बाद 1966 से लेकर आज तक किसी भी राष्ट्रीय पार्टी ने इस वर्ग को लोकसभा का टिकट नहीं दिया।




**भिवानी।** पिछड़ा वर्ग के प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता संकल्प समारोह में मंचासीन पदाधिकारी।

### इन्होंने रखे विचार

उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रथम व द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों में आरक्षण केवल 15 प्रतिशत है, जबकि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में 27 प्रतिशत है। मीटिंग में हरियाणा सरकार से मांग की कि क्लास-1 व क्लास-2 में भी आरक्षण 27 प्रतिशत किया जाए। मीटिंग में रणबीर भाटी, रोहतक से सुरेंद्र पांचाल, हिसार से माटीकला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन कर्णसिंह रानौलिया, कैथल से देशराज प्रजापति, जींद से रविंद्र कुमार, विजय जांगडा, सोनीपत से खेमचंद प्रजापति, झज्जर से रामकुमार प्रजापति आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

### 12 घंटे बाद बिजली की सप्लाई बहाल, तीन से चार घंटे में यातायात बहाल

# टूटे बिजली के पोल, हरे पेड़ों ने रोके सड़कों पर वाहनों के कदम

20-25 पोल गिरे, डेढ़ दर्जन से अधिक पेड़ों ने बिजली की तारों व पोलों को चपेट में लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी/चरखी दादरी/बवानी खेड़ा/बहल





बहल। बहल इलाके में अंधड़ से टूटा पड़ा बिजली का पोल व जमीन पर गिरा ट्रांसफार्मर व सडकों पर जमा बारिश का पानी। फोटो: हरिभूमि

शनिवार रात को जबरदस्त आंधी तूफान से पूरी तरह से जनजीवन प्रभावित हो गया। अनेक जगहों पर पोल टूटने व ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरने से बिजली की सप्लाई की आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई। करीब 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ही बिजली की सप्लाई चालू हो पाई। दूसरी तरफ सड़कों पर टूटे पेड़ों ने वाहनों के कदम रोके। तीन व चार घंटे में हरे पेड़ों को सड़कों से उठाया गया। उसके बाद ही वाहनों का आवागमन शुरू हो पाया। वहीं अंधड़ के साथ आई तेज बारिश से अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी। शहर में अतिरिक्त पम्पसेट लगाने के बाद ही पानी की निकासी हो पाई।

रात को करीब साढ़े 11 बजे अचानक तेज आंधी शुरू हो गई। शुरू में तो आंधी की स्पीड कम थी,लेकिन बाद में कुछ देर बाद आंधी ने गति पकड़ ली। आंधी की वजह से अनेक जगहों पर हरे पेड़ टूट गए। बिजली की लाइनों पर हरे पेड गिरने से सप्लाई बाधित हो गई। अंधड़ की गति ज्यादा होने की वजह से अनेक जगहों पर बिजली के खंभे भी टूटकर जमीन पर बिछ गए। जिस वजह से बिजली की सप्लाई बंद हुई। रात को ही विद्युत निगम के कर्मचारी लाइनों में आए फाल्ट को दुरुस्त करने में जुट गए। सुबह दस बजे तक अधिकांश फाल्टों को दूर कर पाए। बवानीखेड़ा में शनिवार रात को आंधी-तूफान के कारण बिजली गायब हो गई कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 12 घंटे पश्चात बिजली के दर्शन हुए। वहीं उपभोक्ताओं ने बिजली निगम के कर्मचारियों की बारिश के मौसम में कार्य करने की जमकर तारीफ भी की।

वहीं, सड़क पर पेड़ गिरने से बहल से भिवानी, तोशाम, हिसार व राजगढ सहित अन्य मार्ग अवरूद्ध हो गए। वन विभाग ने सड़क मार्ग पर गिरे पेड़ों को ग्रामीणों की मदद से हटाया जिससे आवागमन सुचारू हुआ। समाचार लिखे जाने तक बिजली निगम कर्मचारी तूफान से हुए नुकसान का आंकलन करने में जुटे थे।एसडीओ ऋषभ ने बताया कि अनुमान है कि तूफान से बिजली निगम को करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसान पवन शर्मा सुरपुरा के नेटहाऊस की छत उड़ गई जिससे नेटहाऊस में लगी मिर्च की फसल पूरी तरह से खराब हो गई।

### हजारों पेड़ चढ़ाए गए बलि

भिवानी से हांसी तक नेशनल हाइवे का कार्य जोरों पर चल रहा है इससे पहले सड़क किनारे खड़े दोनों तरफ के हजारों वृक्षों की बलि दी गई और निर्माण कार्य शुरू किया गया। पहले आंधी-तूफान के आने से आंधी-तूफान को वृक्षों का सामना करना पड़ता था और उसके पश्चात वे बाहर निकल पाते थे लेकिन वृक्षों के काटने और नए वृक्ष न लगाने का नुकसान ये हुआ कि आंधी तूफान का दबदबा हो गया और इसके सामने जो भी पोल, तार, वृक्ष आए उसे इसने अपनी चपेट में ले लिया।

### 11 केवी व 33 केवी में हुए फाल्ट

आंधी-तूफान के कारण 11 केवी व 33 केवी में फाल्ट होने के कारण शनिवार रात लगभग साढ़े दस बजे बिजली बाधित हो गई जिससे बिजली कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और रविवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बिजली के दर्शन हुए। लगभग दो दर्जन से अधिक पोल गिर गए व तारें टूट गई इसके अलावा दो दर्जन के करीबन वृक्ष भी बिजली की तारों पर गिर गए जिससे बिजली बाधित हो गई। कड़ी मशक्कत के पश्चात बवानी खेड़ा के कुछ वार्डों में सप्लाई शुरू करनी पड़ी। वार्ड 13 व 14 में दिक्कत के कारण कर्मचारी काम करते दिखाई दिए।

### प्राकृतिक आपदा किसी के बस की नहीं

आंधी-तूफान के आने व बिजली निगम के नुकसान को लेकर निगम के उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि प्राकृतिक आपदा किसी के बस की नही है। पहले भी आंधी-तूफान से काफी नुकसान हुआ और बीती रात भी काफी नुकसान हुआ है। उनके कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य में जुटे हुए हैं ताकि उपभोक्ताओं के घरों में रोशनी जलती रहे। वहीं उन्होंने उपभोक्ताओं से भी सहयोग करने व सब्र रखने की अपील की।



बहल। बहल में सोलर पैलेटों पर गिरा बिजली का खंभा।

### बहल में टूटे बिजली के 110 पोल

बहल क्षेत्र में शनिवार रात आए तेज तूफान व बारिश से बहल क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। तूफान से बिजली निगम के करीब 110 बिजली लाइन के पोल टूट गए। कस्बे में एक ट्रांसफारमर पर आसमानी बिजली जा गिरी जिससे वह पोल सहित टूट कर जमीन पर जा गिरा। बिजली निगम कर्मचारियों ने रात भर लाइनों पर काम करते हुए सुबह होने तक सभी आरडीएस फीडर की बिजली सुचारू कर दी।

### ट्रांसफारमर पर आसमानी बिजली गिरी

शनिवार आधी रात को हवाओं का रूख ऐसा बदला कि वो आसमान में घनघोर घटा छा गई व हवाओं ने तूफान का रूप ले लिया। आसमान के जोर से बिजली की गडग़ड़ाहट होने लगी व तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। करीब दस मिनट तक हुई बारिश से कस्बे में अनेक जगह जलभराव की स्थिति बन गई। तूफान से मची तबाही से जगह जगह पर बिजली के पोल व पेड़ जा गिरे। पोल गिरने से क्षेत्र के गांवों में रात भर बिजली गुल रही। अनुमान है कि करीब 110 पोल टूट गए। पातवान रोड पर एक ट्रांसफारमर पर आसमानी बिजली जा गिरी जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया।

## बाढड़ा में आई तेज आंधी तुफान से सैंकड़ों पेड़ टूटे

**बाढड़ा।** शनिवार देर रात्रि आए आंधी तुफान व बरसात से उपमंडल क्षेत्र में सैकड़ों हरे पेड़ व बिजली आपूर्ति के पोल टूटकर लाईन सहित जमीन पर बिछ गए। लंबे समय बाद ज्यादा बरसात होने से खेतों में बरसाती पानी जमा हो गया जिससे कपास के छोटे छोटे पौधे मिट्टी में दब गए हैं। क्षेत्र में शनिवार देर रात्रि पहले तेज आंधी तुफान व फिर बरसात के कारण सड़कों, नहरों के किनारे खड़े बड़े -बड़े पेड़ भूमि पर गिर गए जिससे जुई बाढड़ा, बाढड़ा झोझू, बाढड़ा से कादमा व सतनाली रोड़ के अलावा नहरों, सड़कों व खेतों में खड़े पेड़ भी टूट कर भूमि पर गिर गए जिससे कई सड़कमार्ग भी जाम ही रहे। आंधी की चपेट में आने से बिजली आपूर्ति की लाइनों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है।

### चंदेनी में मुर्गा फार्म का शेड टूटा

गांव चंदेनी में आंधी तुफान की चपेट आने से मुर्गा फार्म का बड़ा शेड टूट गया जिससे हजारों मुर्गे भी मर गए। पीड़ति किसान ने जिला प्रशासन से प्राकृतिक आपदा की चपेट में आने से हुए नुकसान की जांच करवा कर नुकसान की भरपाई की मांग की। किसान दिलबाग सिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी चंदेनी ने बताया कि वह खेतीबाड़ी के साथ -साथ मुर्गापालन का काम कर अपने परिवार की आजीविका चलाता है। शनिवार रात्रि के समय तेज आंधी के साथ आए तुफान व बरसात के कारण मुर्गा फार्म पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इसके अलावा वहां पर पालने के लिए रखी दो सौ से अधिक मुर्गियां भी चपेट में आ गई और मौके पर ही मर गई जिससे उसको लाखों का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी इतनी तेज थी कि ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से स्वयं को बचाया वरना वह भी किसी बड़े हादसे के शिकार बन जाते। पीड़ति किसान ने जिला प्रशासन से प्राकृतिक आपदा की चपेट में आने से हुए नुकसान की जांच करवा कर नुकसान की भरपाई की मांग की।

### बेमौसम बारिश से किसानों की फसल हुई जल मग्न

कस्बे में शनिवार रात्रि को हुई बरसात से कस्बे के जुई रोड व जूवली रोड पर बरसाती पानी भर गया जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ा, वही लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण कस्बे के दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पानी की निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं होने से कस्बे के दुकानदारों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। यहा घरों का दुषित पानी भी सड़क पर ही भरा रतिा है जिससे दोपहिया वाहनचालकों या पैदल आने जाने वालों को सड़क से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं पानी में गिर कर कई बार हादसे का शिकार भी हो चुके हैं।

## आंधी में सैकड़ों पेड़ और बिजली पोल गिरे, दोपहर तक बिजली आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

बीती देर रात दादरी जिले में आंधी के साथ जमकर बारिश हुई। आंधी में सैकड़ों पेड़ और बिजली पोल गिर गए। रविवार दोपहर तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, वहीं शहर में कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। शनिवार रात को मौसम ने एकाएक मौसम ने करवट ली। रात करीब 12 बजे तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। एक घंटे तक जिलाभर में झमाझम बारिश होती रही। आंधी से जिले में सैकड़ों पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर। वहीं पोल टूटने से बिजली बाधित हो गई।

अच्छी बारिश से गर्मी और लू से लोगों को राहत मिली। पिछले चार दिन से तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका था। वहीं बारिश के बाद तापमान गिरकर 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दादरी जिले में बीती रात हुई बारिश से कपास और ज्वार की फसल से फायदा मिलेगा। किसान अब बाजरे की बिजाई भी समय पर कर पाएंगे। बाढ़डा के कई गांवों में भी बिजली के सैकड़ों पेड़ गिर गए। रविवार को दिनभर निगम कर्मचारी पोल उठाने में लगे थे। गांव भंडवा, कारीरूपा, जगरामबास, धनासरी में बिजली के पोल गिर गए और तार जमीन पर बिछ गई। पूरा दिन बिजली बाधित रही।

डॉ. आर. पी. शर्मा अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612

## शिक्षित नागरिकों से उत्तम समाज का निर्माण संभव

- विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धी हासिल करने वाली 200 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। जाट धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए।

शिक्षित नागरिकों से ही उत्तम समाज का निर्माण होता है और इन्हीं उत्तम समाजों से श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण होता है। ऐसे ही उत्तम समाज निर्माण का कार्य जाट धर्मशाला सभा भिवानी कर रही है। यह बात चन्द्र सिंह आर्य ने बतौर मुख्य अतिथि भिवानी की जाट धर्मशाला में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। सम्मान समारोह की अध्यक्षता कर्नल मंगल सिंह ने की। सम्मान समारोह में यूपीएससी में उत्कृष्ट रैंक पाने वाले सुश्री स्वाति फोगाट, जितेंद्र श्योराण, सचिन पंघाल सहित आईएफएस, आईआरएस, एचसीएस, एनडीए, सीडीए, ज्यूडीशरी, चिकित्सक, शिक्षा व खेल के क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कर्नल मंगल सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई व खेलों में आगे लाने की यह मुहिम सराहनीय है। कार्यक्रम में कमल सिंह प्रधान ने जाट समाज का समृद्धशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जाट धर्मशाला सभा के प्रधान दिलबाग सांगवान आदि मौजूद रहे।

### समाज की प्रगति उसके शिक्षा के स्तर पर निर्भर

मुख्य अतिथि चंद्र सिंह आर्य ने उपस्थित समाज को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी शिक्षा के स्तर पर निर्भर करती है।

मनुष्य में सद्गुणों व संस्कार शिक्षा के माध्यम से ही आते हैं।उन्होंने कहा कि आप सभी मिल कर समाज की प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा के लिए ऐसी व्यवस्था करें जहां ये अपनी सम्पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर एक योग्य, सुसंस्कृत, सद्गुणों से परिपूर्ण नागरिक बन सके तभी सही मायने में समाज रेखांकित करने योग्य होगा। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में समाज के खिलाड़ियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्र का गौरव बढ़ाने पर बधाई दी।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पटवारी कानूनगो लेंगे भाग: विकास

**भिवानी।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियन, सरकारी कर्मचारी परिसंघ, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन शामिल होगी। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के राज्य उपाध्यक्ष विकास राठी ने बताया कि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर कर्मचारियों का वेतन लागू किया जाए। पुरानी पेंशन बहाली, हरियाणा प्रदेश के कर्मचारियों के लिए अलग से आठवां वेतन आयोग का गठन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपये अंतरिम राहत, पदानुसार पदोन्नति एसीपी 5 -10-15 वर्ष की जाए, वर्कलोड के हिसाब से नए पद सृजित किए जाए जैसी मांगें हैं। नवनियुक्त पटवारियों का ट्रेनिंग पीरियड को सर्विस काउन्ट नोटिफिकेशन व घोषणा अनुसार पूरी सैलरी दी जाए। बीस मई को राष्ट्रीय स्तर पर की जाने वाली हड़ताल को देश में उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर टाल दिया था।

## महिला कर्मचारी के यौन शोषण की हाईकोर्ट की देखरेख में जांच करवाएं सरकार

**बाढड़ा।** भाजपा राज में महिलाओं के उत्पीडन की घटनाएं तेजी से बढ रही हैं जो सरकार की महिला को सम्मान देने के दावों को खोखला साबित कर रहा है। जींद में बागवानी विभाग की महिला कर्मचारी के साथ डीएचओ द्वारा यौन शोषण की घटना की हाईकोर्ट के देखरेख में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। यह बात इनेलो प्रदेश महासचिव व नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन विजय पंचगावां ने हलके के जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में पच्चास फिसदी आरक्षण देने का दावा कर रही है जबकी दूसरी तरफ आज नारीशक्ति सुरक्षा की मोहताज है। समाज में महिलाओं का अपमान एक सामाजिक कलंक है और हमें एकजुट होकर सरकार से संरक्षण प्रापत लोगों के खिलाफ माहौल बनाना चाहिए। जींद में डीएचओ की मनमानी के खिलाफ महिला अधिकार द्वारा आवाज उठाना जायज कदम है और महिला आयोग की जांच के साथ ही अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश की देखरेख में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

### डॉक्टर आकांक्षा बनी प्रेरणास्त्रोत : राजेंद्र

# दातोली की बहू ने रच दिया इतिहास

- अमेरिका के अरंडेल मेडिकल सेंटर में इंटरनल मेडिसिन प्रोग्राम के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। परिवार के साथ डॉ. आकांक्षा। फोटो: हरिभूमि

चरखी दादरी जिले के गांव दातोली की पुत्रवधू डॉ. आकांक्षा को अमेरिका के अरंडेल मेडिकल सेंटर में इंटरनल मेडिसिन प्रोग्राम के लिए चयनित किया है।

डॉ. आकांक्षा की उपलब्धि से गांव में खुशी है। स्कूलों और महिलाओं के समूहों में इस बात की चर्चा हो रही है कि साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली बहू ने असाधारण सफलता प्राप्त की है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। डॉ. आकांक्षा ने अपनी मेडिकल शिक्षा पूरी करने के बाद कड़ी मेहनत और समर्पण से ये मुकाम हासिल किया है। उन्हें अमेरिका के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी इंटरनल मेडिसिन प्रोग्राम में स्थान मिला है।

### सफर आसान नहीं था: डॉ. आकांक्षा

डॉ. आकांक्षा राजेन्द्र सिंह पहल की पुत्रवधू हैं, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त और वर्तमान में दिल्ली में ग्रेनाइट व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। उनके पति डॉ. सौरव पहल भी अमेरिका में चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत हैं। उनकी सास सरोज देवी पिछले 32 वर्षों से राजस्थान की सरस डेयरी में कार्यरत हैं। इस सफलता का श्रेय डॉ. आकांक्षा ने विशेष रूप से परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य महेन्द्र चौधरी को दिया है, जिनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से ये उपलब्धि संभव हो सकी। डॉ. आकाक्षा का कहना है ये सफर आसान नहीं था, लेकिन परिवार का साथ, दृढ़ निश्चय और गुरुजनों का आशीर्वाद उनके साथ रहा। उन्होंने कहा कि वे चाहती है कि हमारे गांव की लड़कियां भी बड़े सपने देखें।

